लखनऊ। मंगलवार • 2 अक्टूबर • 2018
राष्ट्रीय सहारा | www.rashtriyasahara.com |

'सरकार ने आरोप लगते ही दोनों पुलिसकर्मियों को बर्खास्त कर उनके खिलाफ केस दर्ज कराया और उन्हें जेल भेज दिया। विपक्षी दल इस गंभीर मुद्दे पर भी राजनीति करने से बाज नहीं आ रहे।' ——— सत्यदेव पचौरी, मंत्री, उप्र

## संक्षिप्त खबरें

### घैला पुल के नीचे मिली युवक की लाश

**लखनऊ।** मड़ियांव इलाके में घैला पुल के नीचे दोपहर करीब 2.30 बजे एक युवक का कई दिन पुराना शव मिला। घैला गांव के प्रधान उबैद ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मृतक की शिनाख्त कराने का प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिली। पुलिस का कहना है कि मृतक के शरीर पर नीले रंग की जींस व लाल रंग की टी-शर्ट है। शव 3-4 दिन पुराना लगता है। शरीर पर कोई जाहिरा चोट नहीं है। लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### ज्वेलरी शॉप में चोरी

**इटौंजा-लखनऊ।** इटौंजा क्षेत्र के कुम्हरावां गांव में ज्वेलर्स शॉप में रविवार रात चोरों ने हजारों का सामान ठिकाने लगा दिया। भुक्तभोगी ने इटौंजा थाने में चोरी की रिपोर्ट दर्ज करायी है। पुलिस ने बताया कि अमित सोनी की कुम्हरावां में गीता ज्वेलर्स के नाम ने दुकान है, जिसमें रविवार रात चोरों ने 30 से 40 हजार रुपये की ज्वेलरी का सामान व जीएसटी बिल के कागज चोरी कर चम्पत हो गये।

### बाइक सवार बदमाशों ने महिला की चेन लूटी

**लखनऊ ।** तालकटोरा के राजाजीपुरम बी-155 निवासी अनामिका मिश्रा पत्नी डा. आदित्य किशोर झा सोमवार करीब 12.30 बजे अपने 2 वर्षीय बेटे को लेकर घर जा रही थी, रास्ते में डा. एस कुमार क्लीनिक के पास पीछे से आए बाइक सवार दो बदमाशों ने झप्ट्टा मारकर उनके गले से सोने की चेन खींच ली। जब तक महिला कुछ समझ पाती बदमाश भाग निकले। अनामिका मिश्रा के मुताबिक सोने की चेन में लाकेट भी पड़ा था।

# थोक किराना व्यापारी के यहां लाखों की डकैती

**लखनऊ (एसएनबी)।** राजधानी में अभी एप्पल कम्पनी के एरिया सेल्स मैनेजर विवेक तिवारी हत्याकाण्ड की तपिश कम भी नहीं हुई थी कि सोमवार तड़के पीजीआई थाना क्षेत्र के तेलीबाग में आधा दर्जन नकाबपोश बदमाशों ने थोक किराना व्यापारी के मकान पर धावा बोला। असलहों के बल पर व्यापारी व उसकी पत्नी को बंधक बनाकर बदमाशों ने मकान, गोदाम में जमकर लूटपाट की। नकदी व जेवर समेत करीब 50 लाख का माल बटोरने के बाद बदमाशों ने दम्पति के हाथ-पैर बांधे और उन्हें बाथरूम में बंद कर भाग निकले। दरवाजा थपथपाने की आवाज सुनकर बच्चों की नींद खुली और माता-पिता को बंधनमुक्त किया। तड़के डकैती की सूचना मिलते ही पुलिस के हाथ-पैर फूल गये। एसएसपी कलानिधि नैथानी समेत तमाम अफसर मौके पर पहुंचे और पड़ताल की। केस पर क्राइम ब्रांच को भी लगाया गया है।



पीजीआई थाना क्षेत्र के तेलीबाग में थोक किराना व्यापारी मोतीलाल अग्रवाल के यहां डकैती की घटना के बाद जमा लोग। व्यापारी अग्रवाल (इनसेट) व डकैतों द्वारा तोड़ा गया चैनल। फोटो : एसएनबी

थोक किराना व्यापारी मोतीलाल अग्रवाल, पत्नी सरोज, बेटे आकाश व बेटी श्रद्धा और पूजा के साथ रायबरेली रोड तेलीबाग में रहते हैं। तेलीबाग में ही एक मकान के बेसमेंट में दुकान, पहली मंजिल पर गोदाम व उसके ऊपरी हिस्से में परिवारवाले रहते हैं। बेटी पूजा पूणे में एक निजी कम्पनी में काम करती है। दूसरी बेटी श्रद्धा नोएडा में एक निजी कम्पनी में है। दो दिन पहले ही छुट्टी लेकर श्रद्धा परिजनों के पास आयी है। रोजाना की तरह रविवार रात परिवारवालों ने साथ में खाना खाया। मोतीलाल व पत्नी सरोज बेडरूम में सोने चले गये, जबकि दूसरे कमरे में बेटा आकाश व बेटी श्रद्धा सो रहे थे। सोमवार तड़के तीन चैनलों के पांच ताले तोड़कर सशस्त्र बदमाश घर में घुसे। नकाबपोश बदमाश ऊपरी मंजिल पर सीधे दम्पति के कमरे में पहुंचे। बदमाशों ने आलमारी का लॉक तोड़ा। खटपट की आवाज सुनकर दम्पत्ति की नींद खुली तो बदमाशों ने असलहे तान दिये। शोर मचाने पर डकैतों ने गोली मारने की धमकी दी। बदमाशों ने कमरों में रखी आलमारी व गोदाम में जमकर लूटपाट की। माल बटोरने के बाद डकैतों ने दम्पति के मोबाइल छीने। उनके हाथ-पैर चादर से बांधकर बाथरूम में बंद कर फरार हो गये। बदमाशों के जाने के बाद दम्पति ने बाथरूम का दरवाजा खटखटाते हुए शोर मचाया। आवाज सुनकर बेटा आकाश व बेटी श्रद्धा ने बाथरूम खोला तो माता-पिता बंधे मिले।

- पति-पत्नी को बंधक बना बाथरूम में किया बंद
- तीन चैनलों में लगे पांच ताले तोड़कर घुसे थे मकान में
- 35 लाख के जेवर व 15 लाख की नकदी बटोरी
- बच्चों ने आवाज सुनकर कराया बंधनमुक्त
- डॉग स्क्वॉयड व फोरेंसिक टीम ने की पड़ताल

बच्चों ने दोनों को बंधनमुक्त किया। इसके बाद मोतीलाल अग्रवाल ने डॉयल-100 पर फोन कर डकैती की सूचना दी। कंट्रोल रूम पर डकैती की सूचना मिलते ही पुलिस के पैरों तले जमीन खिसक गयी। आनन-फानन में इंस्पेक्टर पीजीआई रवीन्द्र नाथ राय फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। कुछ ही देर बाद सीओ कैंट तनु उपाध्याय भी वहां आ गयी। सीओ ने फोरेंसिक टीम व डॉग स्क्वॉयड को घटनास्थल पर बुलाकर पड़ताल की। फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट ने चैनल, आलमारी, तालों, दरवाजों, कुण्डी से अंगुलियों के नमूने हासिल किये। एसएसपी कलानिधि नैथानी भी घटनास्थल पहुंचे और पीड़ित परिवार से मुलाकात कर घटना की जानकारी ली। शुरुआती पड़ताल में सामने आया कि डकैत करीब 35 लाख के जेवर व 15 लाख की नकदी लूटकर ले गये हैं। पुलिस ने मोतीलाल अग्रवाल की तहरीर पर डकैती की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### डकैतों ने पहले ही तोड़ दिये थे सीसी कैमरे

**लखनऊ।** पुलिस ने पड़ताल की दुकान के बाहर व गैलरी में लगे सीसी कैमरे टूटे मिले। पुलिस ने फुटेज खंगाले तो बदमाशों की पूरी तस्वीरें कैद नहीं मिली। पड़ताल में सामने आया कि डकैतों ने चैनल तोड़ने से पहले दुकान के बाहर व गैलरी में लगे सीसी कैमरों को तोड़ दिया। पीड़ित दम्पति ने बताया कि सभी डकैतों की उम्र लगभग 25 से 30 वर्ष थी। सभी ने मुंह पर कपड़ा बांध रखा था।

**क्राइम ब्रांच समेत पांच टीमें लगीं, दो टीमें पड़ोसी जिले रवाना :** एसएसपी ने घटनास्थल पर पहुंचकर पीड़ित मोतीलाल अग्रवाल व उनकी पत्नी सरोज अग्रवाल से बातचीत की। बातचीत के दौरान एसएसपी ने बदमाशों की बोलचाल, पहनावा व कद-काठी के बारे में जानकारी की। एसएसपी कलानिधि नैथानी ने बताया कि केस पर पांच टीमों को लगाया गया है। साथ ही सर्विलांस सेल व क्राइम ब्रांच भी केस पर लगी है। पीड़ित परिवार ने आधा दर्जन से अधिक डकैतों की बात कही है। उनका कहना है कि पड़ोसी जनपदों में टीमें रवाना कर दी गयी है।

**हाथ जोड़कर जेवर छोड़ने के लिए गिड़गिड़ाती रही सरोज :** व्यवसायी मोतीलाल ने बताया कि डकैतों ने आलमारी के लॉकर में रखे करीब 35 लाख के जेवर व 15 लाख की नकदी बटोर ली। पत्नी सरोज डकैतों के आगे हाथ जोड़कर गिड़गिड़ाती रही कि भइया बेटियों की शादी करना है, थोड़े जेवर छोड़ दो। इस पर बदमाशों ने डांटकर चुप करा दिया। यही नहीं बदमाशों ने उनके शरीर के जेवर भी उतरवा लिए। पीड़ित दम्पति ने बताया कि डकैतों ने मारा-पीटा नहीं लेकिन गाली-गलौज लगातार करते रहे। लूटपाट के बाद बदमाश मोतीलाल व सरोज का मोबाइल भी लेकर चले गये।

### व्यापारी नेताओं में आक्रोश जल्द खुलासे की मांग

**लखनऊ।** डकैती की सूचना मिलते ही आदर्श व्यापार मण्डल के अध्यक्ष संजय गुप्ता व्यापारियों के साथ मौके पर पहुंचे। नाराजगी जताते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि बदमाशों में पुलिस का खौफ नहीं रह गया है। चौकी व थानों के पास भी व्यापारी सुरक्षित नहीं है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर अगले 48 घण्टों में घटना का खुलासा नहीं हुआ तो आदर्श व्यापार मण्डल के पदाधिकारी सड़कों पर उतरने के लिए बाध्य होंगे। वहीं, स्थानीय व्यापार मण्डल के अध्यक्ष पतंजलि यादव ने कहा कि अगर जल्द खुलासा नहीं हुआ तो व्यापारी सड़कों पर प्रदर्शन करने के लिए मजबूर हो जाएंगे। पार्षद राजन मिश्रा ने तेलीबाग चौकी पर तैनात पुलिसकर्मियों की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान खड़े हैं। उन्होंने कहा कि यदि पुलिसिंग होती तो तड़के घटना नहीं होती।

### लगातार हावी हैं डकैत

22 जनवरी- मलिहाबाद के सरावां व मुशीगंज में तीन घरों में डकैती, पूर्व प्रधान के बेटे की हत्या।
21 जनवरी- काकोरी के कटौली व बनियाखेड़ा में डकैती के दौरान युवक की हत्या।
18 जनवरी- चिनहट में दो मकानों पर डकैतों का धावा, तीन को मारी गोली।
05 जनवरी- अलीगंज में किशोर ज्वैलर्स में घुसे डकैतों ने गन प्वाइंट पर 300 ग्राम सोना लूटा।
30 दिसम्बर 2017- महानगर में अपोलो फार्मेसी में डकैती ने लूटी नकदी।
25 दिसम्बर- चिनहट में ऑटो चालक विनोद यादव के मकान में डकैती, फायरिंग।
11 जुलाई- पीजीआई में एचएएल के चीफ सुपरवाइजर देवेन्द्र सिंह नेगी।
30 मई- विरामखण्ड में फर्टीलाइजर कम्पनी के एडवाइजर सैयद मोहम्मद अली रिजवी के मकान में डकैती
08 मई- विवेकखण्ड-1 में रियल इस्टेट कारोबारी के मकान में डकैती।
23 मार्च- चिनहट में बीबीडी के एसोसिएट प्रोफेसर कृपाशंकर पाठक के मकान में डकैती।
05 मार्च- चौक सराफा बाजार में मुकुंद ज्वैलर्स में डकैतों ने 40 किलो सोना लूटा।
06 दिसम्बर 2016- मलिहाबाद में शराब ठेके के सेल्समैन संतोष व राजेश को बंधक बनाकर डकैती।

### तालाब में डूबने से किशोरी की मौत

**माल-लखनऊ (एसएनबी)।** बकरी चराने गयी एक मासूम की तालाब में डूब जाने से मौत हो गयी।

क्षेत्र के बदैया गांव निवासी सुकुरू धोबी की कई साल पहले मौत हो गयी थी। उसकी विधवा पत्नी कमला दो बेटों रामकिशोर (16), हेमन (14) और एक बेटी शिवानी (12) का पालन-पोषण मजदूरी कर करती है। सुकुरु के जीवित रहते दो बेटियों का विवाह हो गया था। सोमवार को पूर्वाहन करीब 11 बजे बेटी शिवानी घर में पली एक बकरी को चराने गयी थी। पूरा दिन बीत गया शिवानी घर नहीं आयी तो कमला को चिंता हुई। गांव के अन्य बच्चों से पूछा तो वह भी नहीं बता पाये। बस इतना बताया कि शिवानी गांव के पूर्वी छोर पर स्थित तालाब के पास बकरी चरा रही थी। तालाब के आसपास खोजबीन की गयी तो शिवानी का शव तालाब में उतराता दिखायी दिया। अंधेरा हो जाने के कारण काफी मशक्कत के बाद शव को बाहर निकाला गया। अनुमान लगाया जा रहा है कि बकरी को दौड़कर हांकने के दौरान तालाब के किनारे से फिसलकर शिवानी गहरे पानी में चली गयी होगी, जिससे उसकी डूबने से मौत हो गयी।

# पाण्डेयगंज चौकी के पास मजदूर की धारदार हथियार से हत्या

**लखनऊ (एसएनबी)।** पाण्डेयगंज चौकी स्थित गल्ला मण्डी देशी ठेके के पास रविवार देर रात अधेड़ मजदूर की धारदार हथियार से वारकर हत्या कर दी गयी। घटना की सूचना पर वजीरगंज पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने खून से लथपथ मजदूर को अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस घटनास्थल के आसपास के सीसी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है। इंस्पेक्टर वजीरगंज पंकज सिंह का कहना है कि मृतक का नाम व निवास की जानकारी मिलने के बाद गाजीपुर के शक्तिनगर में खोजबीन शुरू की गयी। देर शाम पुलिस ने मृतक के परिजनों को खोज लिया। भाई ने शव की पहचान की है। पुलिस ने तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

एएसपी पश्चिम विकास चन्द्र त्रिपाठी ने बताया कि रविवार देर रात करीब डेढ़ बजे कंट्रोल रूम पर सूचना मिली कि पाण्डेयगंज गल्ला मण्डी स्थित दारू ठेके के पास लगभग 50 वर्षीय व्यक्ति खून में लथपथ पड़ा है। इसपर सीओ चौक डीपी तिवारी व इंस्पेक्टर पंकज सिंह मौके पर पहुंचे। पुलिस ने उसे ट्रामा सेंटर पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों ने पुलिस को बताया कि व्यक्ति के गले व सीने पर कई धारदार हथियार से वार के निशान हैं। माना जा रहा है कि कातिल ने हत्या में चाकू का इस्तेमाल किया है। पुलिस ने मृतक के कपड़ों की तलाश की लेकिन कुछ भी नहीं मिला। पुलिस ने मृतक की पहचान कराने की कोशिश शुरू की। पड़ताल में सामने आया कि मृतक का नाम सुनील ठाकुर उर्फ जितेन्द्र उर्फ जले है। स्थानीय मजदूरों ने बताया कि सुनील इन्दिरानगर के शक्तिनगर का रहने वाला है। वह गल्ला मण्डी में ठेलिया पर धक्का लगाने का काम करता था। रात में वहीं पर सो जाता था। शक्तिनगर का पता चलने पर पुलिस उक्त इलाके में पहुंची। इंस्पेक्टर पंकज सिंह ने बताया कि देर शाम तक पुलिस की दो टीमें मृतक का घर व परिजनों को खोजने का प्रयास करने में जुटी।

देर शाम पुलिस ने सुनील ठाकुर का घर खोज निकाला। उसके भाई अनिल राठौर ने पोस्टमार्टम गृह में जाकर शव की पहचान भाई सुनील ठाकुर के रूप में की। अनिल ने बताया कि सुनील शराब पीने का आदी था। करीब चार-पांच साल से वह अलग रह रहा था। परिवार में दो भाई व दो बहनें है। पुलिस को घटनास्थल के पास एक सीसीटीवी कैमरा दिखायी दिया। पुलिस ने उक्त कैमरे के फुटेज खंगाले तो कैमरे की रेंज के सामने ट्रक खड़ा होने के चलते कुछ कैद नहीं हुआ। पुलिस आसपास के अन्य कैमरे खंगाल रही है। इंस्पेक्टर का कहना है कि मजदूर नशेड़ी था। माना जा रहा है कि नशे की हालत में ही किसी से विवाद हुआ और उसने चाकू या अन्य कोई धारदार हथियार से हत्या कर दी।

# बेकाबू रफ्तार ने ली दो दोस्तों समेत 4 की जान

**लखनऊ (एसएनबी)।** मलिहाबाद स्थित आम्रपाली वाटरपार्क के पास बेकाबू पिकअप की टक्कर से बाइक सवार दो दोस्तों की मौत हो गयी। दोनों हरदोई के रहने वाले थे। वहीं, इटौंजा स्थित महोना पेट्रोल पम्प के पास कुर्सी की ओर से आ रहे ट्रक ने सोमवार सुबह बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार आटा चक्की संचालक पहिये के नीचे आ गये और उनकी मौत हो गयी। पुलिस ने चालक को गिरफ्तार कर ट्रक कब्जे में ले लिया है। उधर, पीजीआई के चिरैयाबाग शहीद पथ पुल के नीचे सेक्टर-9 के पास अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को रौंद दिया। हादसे में उसकी मौत हो गयी।

- मलिहाबाद में पिकअप की टक्कर से बाइक सवार दो दोस्तों की मौत
- इटौंजा में ट्रक ने आटा चक्की संचालक को रौंदा
- पीजीआई में अज्ञात वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत

**मलिहाबाद** संवाददाता के अनुसार हरदोई के थाना माधोगंज ग्राम सकवापुर निवासी त्रिलोकचंद का बेटा राजू कनौजिया (20) किसान था। वह दोस्त राकेश कनौजिया (28) के साथ बाइक से लखनऊ जाने की बात कहकर निकला था। मलिहाबाद आम्रपाली वाटरपार्क स्थित गंगा केवल ढाबा के पास बेकाबू पिकअप ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में दोनों बुरी तरह घायल हो गये। सूचना पर मौके पर पहुंची। पुलिस ने दोनों को ट्रामा सेंटर भेजा लेकिन रास्ते में दोनों ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने डीएल व आधार कार्ड से राकेश व राजू की पहचान की।

वहीं, वार्ड संख्या-6 काजी टोला नगर पंचायत महोना इटौंजा निवासी जितेन्द्र मौर्या (52) की आटा चक्की की दुकान है। परिवार में पत्नी, तीन बेटियां व एक बेटा है। सोमवार सुबह करीब दस बजे जितेन्द्र बाइक (यूपी 32 सीवाई 2267) से कुम्हरावां होते हुए चौक जा रहे थे। महोना पेट्रोल पम्प पर तेल भरवाकर जैसे ही वे आगे बढ़े, कुर्सी की ओर से आ रहे ट्रक (यूपी 25 एआर 6305) ने बाइक में टक्कर मार दी। पहिये के नीचे आने से जितेन्द्र की मौके पर ही मौत हो गयी। घटना देख ग्रामीण मदद के लिए दौड़े और ट्रक को घेरकर रोक लिया। लोगों ने चालक को नीचे उतारकर जमकर पीटा। पुलिस ने चालक को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में आरोपित ने चालक ने अपना नाम मो. युनूस निवासी जोगनपुर बरेली बताया। पुलिस ने हादसे की सूचना परिजनों को दी।

उधर, मूल रूप से सुल्तानपुर के कुड़वार निवासी इसरार अहमद का बेटा अयान (18) तेलीबाग के सुभानीखेड़ा में मौसा मुराद अहमद व मौसी बिलकिस बानो के साथ रहता था। वह एक शोरूम में कांच लगाने का काम कर रहा था। मौसा मुराद अहमद ने बताया कि सोमवार सुबह करीब आठ बजे अयान बाइक से अर्जुनगंज काम पर जाने के लिए निकला था। चिरैयाबाग गांव शहीद पथ पुल के नीचे अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में वह बुरी तरह घायल हो गया। राहगीरों ने कंट्रोल रूम पर सूचना दी। पुलिस ने घायल को लोकबंधु अस्पताल पहुंचाया। जेब में मिले मोबाइल से परिजनों को सूचना दी। मौसा व घरवाले वहां पहुंचे। उपचार के दौरान अयान की मौत हो गयी।

**संदिग्ध हालात में फंदे से लटका मिला युवक का शव : गोसाईंगंज** क्षेत्र के निजामपुर मझिंगवां गांव निवासी नरसिंह उर्फ शैलेश सिंह (40) की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। उसके घर से उठ रही दुर्गन्ध से ग्रामीणों को अनहोनी की आशंका हुई तो लोगों ने सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने घर की तलाशी ली तो एक कमरे में लगे पंखे में गमछे के फंदे से नरसिंह का शव लटका मिला।

ग्रामीणों ने अनुसार मृतक आए दिन अपनी पत्नी रामरानी उर्फ हेमा सिंह व बेटी वन्दना व चन्दन से झगड़ा करता था, इससे परेशान होकर उसकी पत्नी दोनों बेटियों के साथ करीब 10 दिन पहले उन्नाव के मौरावां थाना क्षेत्र के बैसनपुरवा गांव स्थित अपने मायके चली गई थी। सोमवार को उन्हें घटना की जानकारी मिली तो वह मंझिगवां स्थित अपने घर वापस आयीं।


**विद्युत वितरण मण्डल-चतुर्थ, सिस गोमती-लेसा, लखनऊ**
**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना**

अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित निविदाओं के समक्ष उनके सम्मुख अंकित कार्यों को सम्पादित कराने हेतु अल्पकालीन निविदा प्रतिष्ठित एवं अनुभवी ठेकेदारों/आपूर्तिकर्ताओं से दो भागों में अलग-अलग ई-टेण्डरिंग के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र उ.प्र. सरकार की वेबसाइट https://etender.up. nic.in पर डाउनलोड/देखे जा सकते हैं। निविदा के प्रथम भाग में (1) विद्युत सुरक्षा निदेशालय से प्राप्त 'ए' श्रेणी का प्रमाण पत्र (2) जीएसटी प्रमाण पत्र (3) आयकर प्रमाण पत्र (4) वार्षिक टर्नओवर की छायाप्रति। (5) उक्त कार्य हेतु अनुभव (समान कार्य) सम्बन्धित प्रपत्र (6) जिलाधिकारी कार्यालय द्वारा निर्गत चरित्र एंव हैसियत प्रमाण पत्र (7) निविदा प्रपत्र मूल्य एवं धरोहर धनराशि की बैंक स्थानान्तरित की गयी रसीद की छायाप्रति जो E.E. EDD CESS-1st, LESA, Lucknow के पक्ष में देय होगी। (8) निविदा प्रपत्र (9) अन्य प्रपत्रों को संलग्न करने हेतु निविदा प्रपत्र का अवलोकन करें। (10) कार्यालय का प्रमाणित पता एवं ई-मेल एड्रेस तथा द्वितीय भाग में मूल्य/दरें निविदादाता द्वारा उ.प्र. सरकार की वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर दिनांक 05.11.2018 को 17.00 बजे तक अपलोड की जायेगी जो दिनांक 06.11.2018 को 12.00 बजे अथवा उसके उपरान्त निविदादाओं अथवा उसके अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष अधोहस्ताक्षरी अथवा उनके द्वारा नामित प्रतिनिधि के द्वारा खोली जायेगी। निविदा खुलने की तिथि पर सार्वजनिक अवकाश होने की दशा में निविदा अगले कार्य दिवस पर खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र मूल्य एवं धरोहर राशि की धनराशि RTGS/NEFT द्वारा अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, सेस-प्रथम, लेसा, लखनऊ (E.E. EDD CESS-1st, LESA, Lucknow) के बैंक खाता 1444100402, IFSC Code-CBIN0280139 सेन्ट्रल बैंक आफ इण्डिया, शाखा हजरतगंज लखनऊ के पक्ष में जमा होनी चाहिए। बैंक जमा की साक्ष्य यथा योज्य यू.टी.आर. संख्या पे-इन-स्लिप की मूल प्रति (इश्यूड बैंक की कन्फरमेशन मेल की प्रति) ई-निविदा के प्रपत्रों के साथ ऑन लाइन अपलोड की जायेगी। निविदा का प्रथम एवं द्वितीय भाग उ.प्र. सरकार की वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर ही अपलोड किया जायेगा। निविदा के पुर्नप्रकाशन, अवधि विस्तारण, शुद्धिपत्र संशोधन अथवा निरस्तीकरण की सूचना उ.प्र. सरकार की वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर ही दी जायेगी। निविदा के प्रथम भाग के मूल्यांकन के बाद उपयुक्त पाए गए निविदाओं के द्वितीय भाग खोले जायेंगे जिसकी सूचना वेबसाइट https://etender.up.nic.in के माध्यम से दी जायेगी। निविदा प्रपत्र एवं धरोहर धनराशि का मूल्य निविदा के सम्मुख अंकित है। अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये एक या सभी निविदाओं को निरस्त करने/विभिन्न फर्मों के मध्य विभक्त करने/त्रुटि सुधार करने का अधिकार सुरक्षित होगा। निविदा दरों मे छूट या प्रतिशत के प्राविधान वाले प्रस्ताव खारिज कर दिये जायेंगे, केवल निश्चित रेट वाले प्रस्ताव ही स्वीकार्य होंगे। निविदा का विवरण निम्नवत है :- **अल्पकालीन ई-निविदा सूचना सं. 78/2018-19- 1-** वि.वि.ख. सेस-प्रथम के तहत 33/11 के.वी. उपकेन्द्र अम्बेडकरनगर विश्वविद्यालय से पोषित क्षेत्रों में 11 के.वी./एल.टी. लाईनों को सीधा करने एवं टेढ़े पोलों को सीधा करने का कार्य। धरोहर धनराशि रु. 2,000.00 एवं निविदा मूल्य 250.00+13.00 (जीएसटी)। **अल्पकालीन ई-निविदा सूचना सं. 79/2018-19- 2-** वि.वि.ख. सेस-प्रथम के तहत 33/11 के.वी. उपकेन्द्र अम्बेडकरनगर विश्वविद्यालय से पोषित 11 के.वी. आवास विकास फीडर पर 11 के.वी./एल.टी. लाईनों के जम्परों को बदलने के संबंध में। धरोहर धनराशि रु. 2,000.00 एवं निविदा मूल्य 250.00+13.00 (जीएसटी)। **अल्पकालीन ई-निविदा सूचना सं. 80/ 2018-19- 3-** वि.वि.ख. सेस-प्रथम के तहत 33/11 के.वी. उपकेन्द्र अम्बेडकरनगर विश्वविद्यालय से पोषित 11 के.वी. उतरेठिया पोषक के तहत आने वाले क्षेत्रों में जर्जर पिलिंथों की मरम्मत, 11 के.वी. डी.ओ. फ्यूज सेट एवं टेललेस फ्यूज यूनिट की आपूर्ति एवं प्रतिस्थापना का कार्य। धरोहर धनराशि रु. 2,000.00 एवं निविदा मूल्य 250.00+13.00 (जीएसटी)। **अल्पकालीन ई-निविदा सूचना सं. 81/2018-19- 4-** वि.वि.ख. सेस-प्रथम के तहत 33/11 के.वी. उपकेन्द्र अम्बेडकरनगर विश्वविद्यालय से पोषित 11 के.वी. सरस्वतीपुरम पोषक से पोषित 11 के.वी. लाइनों की मरम्मत/ओवरहालिंग का कार्य। धरोहर धनराशि रु. 2,000.00 एवं निविदा मूल्य 250.00+13.00 (जीएसटी)। **अल्पकालीन ई-निविदा सूचना सं. 82/2018-19- 5-** वि.वि.ख. सेस-प्रथम के तहत 33/11 के.वी. उपकेन्द्र अम्बेडकरनगर विश्वविद्यालय की 33 के.वी. लाईन की मरम्मत/ओवरहालिंग का कार्य। धरोहर धनराशि रु. 2,000.00 एवं निविदा मूल्य 250.00+13.00 (जीएसटी)। **अल्पकालीन ई-निविदा सूचना सं. 83/2018-19- 6-** वि.वि.ख. सेस-प्रथम के तहत 33/11 के.वी. उपकेन्द्र अम्बेडकरनगर विश्वविद्यालय से पोषित 11 के.वी. उतरेठिया पोषक के तहत आने वाले क्षेत्रों में जर्जर पिलिंथों की मरम्मत 11 के.वी. डी.ओ. फ्यूज सेट एवं टेललेस फ्यूज यूनिट की आपूर्ति एवं प्रति स्थापना का कार्य। धरोहर धनराशि रु. 2,000.00 एवं निविदा मूल्य 250.00+13.00 (जीएसटी)। **अल्पकालीन ई-निविदा सूचना सं. 84/2018-19- 7-** वि.वि.ख. सेस-प्रथम के तहत 33/11 के.वी. उपकेन्द्र अम्बेडकरनगर विश्वविद्यालय से पोषित 11 के.वी. सरस्वतीपुरम पोषक के तहत आने वाले क्षेत्रों में जर्जर पिलिंथों की मरम्मत, 11 के.वी. डी.ओ. फ्यूज सेट एवं टेललेस फ्यूज यूनिट की आपूर्ति एवं प्रतिस्थापना का कार्य। धरोहर धनराशि रु. 2,000.00 एवं निविदा मूल्य 250.00+13.00 (जीएसटी)। **अल्पकालीन ई-निविदा सूचना सं. 85/2018-19- 8-** वि.वि.ख. सेस-प्रथम के तहत 33/11 के.वी. उपकेन्द्र अम्बेडकरनगर विश्वविद्यालय से पोषित 11 के.वी. सरस्वतीपुरम फीडर पर 11 के.वी./एल.टी. लाईनों के जम्परों को बदलने के संबंध में। धरोहर धनराशि रु. 2,000.00 एवं निविदा मूल्य 250.00+13.00 (जीएसटी)। **अल्पकालीन ई-निविदा सूचना सं. 86/ 2018-19- 9-** वि.वि.ख. सेस-प्रथम के तहत 33/11 के.वी. उपकेन्द्र अम्बेडकरनगर विश्वविद्यालय से पोषित 11 के.वी. आवास विकास फीडर पर 11 के.वी. लाईनों की मरम्मत/ओवरहालिंग का कार्य। धरोहर धनराशि रु. 2,000.00 एवं निविदा मूल्य 250.00+13.00 (जीएसटी)। **अल्पकालीन ई-निविदा सूचना सं. 87/ 2018-19- 9-** वि.वि.ख. सेस-प्रथम के तहत 33/11 के.वी. उपकेन्द्र अम्बेडकरनगर विश्वविद्यालय से पोषित 11 के.वी. उतरेठिया पोषक पर आवास विकास फीडर पर 11 के.वी./एल.टी. लाईनों के जम्परों को बदलने के संबंध में। धरोहर धनराशि रु. 2,000.00 एवं निविदा मूल्य 250.00+13.00 (जीएसटी)। **अधीक्षण अभियन्ता वि.वि.मं.(च.), लेसा।** "राष्ट्रहित में बिजली बचायें" पत्रांक संख्या: 373/वि.वि.मं.(च.)/कैम्प /निविदा दिनांक : 01.10.2018



**जुबिलैंट फूडवर्क्स लिमिटेड**
CIN: L74899UP1995PLC043677
पंजीकृत कार्यालय : प्लॉट 1ए, सैक्टर-16ए, नोएडा – 201301 (उ.प्र.)
दूरभाष: +91-120-4090500, फैक्स: +91-120-4090599
ई-मेल: investor@jublfood.com
वेबसाइट: www.jubilantfoodworks.com

**सूचना**

सेबी (सूचीकरण दायित्वों एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) अधिनियम, 2015 के अधिनियम 29 एवं 47 के प्रावधानों के संदर्भ में सूचित किया जाता है कि कम्पनी के निदेशक मण्डल की बैठक **बुधवार, अक्तूबर 24, 2018** को, 30 सितम्बर, 2018 को समाप्त तिमाही एवं अर्द्धवार्षिक के अनअंकेक्षित एकल वित्तीय विवरण पर विचार तथा स्वीकृति हेतु आयोजित की जायेगी।

उपरोक्त निर्देशन कंपनी की वेबसाइट www.jubilantfoodworks.com और स्टॉक एक्सचेंजों की वेबसाइट www.bseindia.com एवं www.nseindia.com पर भी उपलब्ध है।

कृते **जुबिलैंट फूडवर्क्स लिमिटेड**
हस्ता/–
दिनांक : 1 अक्तूबर, 2018 **मोना अग्रवाल**
स्थान : नोएडा (उ.प्र.) **कम्पनी सचिव**



सहारा **क्लासीफाईड** आपकी अपनी बात

**आवश्यकता है**

**एयरपोर्ट में चाहिए हेल्पर, ड्राइवर,** चेकर, सुपरवाइजर, लोडर अनपढ़/ग्रेजुएट लड़के-लड़कियां वेतन 19500-42800/- रहना + खाना+ मेडिकल + मोबाइल + पीएफ (बिना इंटरव्यूजोइनिंग) , # 9650143062, 9650143097.
Bill Noida Bank Payment

**MUMTAZ POST GRADUATE COLLEGE**
(MINORITY COLLEGE)
IRADATNAGAR, DALIGANJ, LUCKNOW
**WANTED**
One Lecturer Assistant Professor each in Sociology, English and Urdu in clear vacancy likely to be made permanent in the prescribed U.G.C. Pay Scale for Arts Faculty of the college. Qualifications etc. and conditions of service as per Act & Statutes of Lucknow University and Government Orders as amended up to date. One Lecturer/Assistant Professor in Urdu in clear vacancy against permanent post in the prescribed U.G.C. Pay Scale for Arts Faculty of the college. Qualifications etc. and conditions of service as per Act & Statutes of Lucknow University and Government Orders as amended up to date.
Applications on prescribed form obtainable from the college Office, with required fee and necessary documents, must reach the college Office within One month of last insertion of this Advertisement. (ZAFARYAB JILANI)
HDLK-1800648 MANAGER

**सूचना**

हम मो. जावेद, मो. सुहैल, मो. शुहेब पुत्रगण मो. यारीन व शाहजहांबानो पत्नी मो. यासीन, अमराई गांव, खसरा सं.163, लखनऊ के सहखातेदार हैं, हम अपने हिस्से से प्लाट नं.-14ए, क्षेत्रफल-650 वर्ग फीट चौहदी पूर्व दीगर पश्चिम 16 फीट रोड, उत्तर में तिवारीजी मकान दक्षिण में प्लाट-13बी, शैलजा द्विवेदी पत्नी संदीप द्विवेदी को विक्रय कर रहे हैं, क्रेता आधार हाउसिंग फाइनेंस से गृह ऋण ले रहा है यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो 15 दिन के अन्दर संपर्क करें।
1. मृगेन्द्र बहादुर सिंह (अधिवक्ता), आधार हाउसिंग फाइनेंस लि. लखनऊ, मो.-9415542801
एचडीएलके-1800644

**टावर सम्बन्धी**

**रजिस्टर्ड कंपनी द्वारा अपनी खाली** जमीन, छत पर सभी कम्पनियों के 3जी/4जी डिजिटल टावर लगवाए एडवांस 70,00,000+किराया 45,000+ नौकरी+ एग्रीमेंट रजि.1650 # 8745904825
डी-1803716

**ऋण सम्बन्धी**

**नवरात्री लोन धमाका !!! Shriram** Finance (Regd.) केवल 24 घंटों में घर बैठे मार्कशीट, प्रोपर्टी, पर्सनल, एग्रीकल्चर, राशनकार्ड, ब्याज 2%, वार्षिक छूट 40% Tollfree 18001215658, 9485831765
Bill-Noida (Bank payment)

**Bajaj Finance द्वारा लोन धमाका** अब घर बैठे मार्कशीट, प्रोपर्टी, पर्सनल, एग्रीकल्चर। सभी लोन 12 घंटों में पाएं ब्याज 2% छूट 40% एजेंट आमंत्रित # 9485753709
D-1803365

**Mahindra Finance (India's No.1)** (1965-Govt. Registered) लेकर आया है, सभी लोन, मार्कशीट, प्रोपर्टी, पर्सनल, आधारकार्ड, राशनकार्ड, एग्रीकल्चर लोन 3% ब्याज, 50% छूट Toll free-18001007090, 8932988209 financemahindra@outlook.com
D-1803609

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें इस अखबार में प्रकाशित किसी विज्ञापन जैसे टावर, नौकरी, ऋण संबंधी या अन्य किसी भी प्रकार के संदर्भ में कोई राशि भेजता है वह अपने स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशन या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई किसी क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

**सूचना**

मेरे बड़े पुत्र केशवराम का चाल-चलन ठीक न होने के कारण मैंने उससे सम्बन्ध-विच्छेद कर अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। इसके किसी कृत्य के लिए मैं उत्तरदायी नही हूंगा। **हरिद्वारी यादव पुत्र हरीराम, निवासी खरगापुर, थाना हुजूरपुर, तहसील पयागपुर, बहराइच।**
सीआर-1133

मैंने अपने पुत्र मो. जाकिर हुसैन के गलत कार्यों से परेशान होकर उसे अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। उसके कार्यों से मेरा ताल्लुक नहीं है। **साबिर पुत्र गुलाम रसूल, ग्राम/पोस्ट-सआदतगंज, थाना-मसौली, बाराबंकी।**
सीआर-1134

मैंने अपने पुत्र मो. जुबेर के गलत कार्यों से परेशान होकर उसे अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। उसके कार्यों से मेरा ताल्लुक नहीं है। **मो. असलम पुत्र कुर्बान अली, पीरबटावन नागेश्वरनाथ रोड, शहर-जिला-बाराबंकी।**
सीआर-1134ए

हम रामचन्दर पुत्र स्व. घसीटेराम व सावित्री देवी पत्नी रामचन्दर, नि. 592क/177, सुभानीखेड़ा, तेलीबाग, लखनऊ के हैं, हम अपने पुत्र विक्रम व बहु तुलसी एवं उसके बच्चों की गलत हरकतों के कारण अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करके सम्बन्ध-विच्छेद करते हैं। इनका हम लोगों से अब कोई रिश्ता व सरोकार नहीं है।
एचडीएलके-1800645

मैं **मो. रईस पुत्र स्व. नन्हा नि.- 426/1518, वजीरबाग, लखनऊ** का हूं, मैं अपने पुत्र मो. अनीस व उसकी पत्नी के कार्य व व्यवहार से दुःखी होकर उन दोनों को अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रहा हूं, उनके द्वारा किये गये असवैधानिक कार्यों की जिम्मेदारी मेरी नहीं होगी।
एचडीएलके-1800646

**न्यायालय सूचना**

हेतु संदर्मित करने की सूचना (साधारण प्रारूप) न्यायालय नायब तहसीलदार स्थान-तहसील फतेहपुर, जिला-बाराबंकी।
वाद संख्या-988/बाजदायर/सन्-2018
**तारीख पेशी-11.10.2018**
**कामिल जहीर किदवाई** —वादी
बनाम
**राजकुमारी कनीज अली** --प्रतिवादी
1. फैज किदवाई पुत्र कामिल जहीर किदवाई 2. फरजाना कामिल पत्नी कामिल जहीर किदवाई समस्त निवासीगण ग्राम-बड़ेल, परगना व तहसील-नवाबगंज, जिला-बाराबंकी को चूंकि उपरिनामांकित वाजदायरकर्ता ने इस न्यायालय में आवेदन किया है कि अन्तर्गत धारा-201 भू.रा.अ. अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए 2018 ई. के 10 के 11 दिवस को 10.00 बजे पूर्वाह्न में स्वयं या सम्यक्रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हों और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एकपक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज 2018 के 09 के 27 दिवस को निकाली गई।
नायब तहसीलदार
जिला बाराबंकी।
एचडीएलके-1800621

**वर्गीकृत विज्ञापन दर**
25 शब्दों तक रु.350/- मात्र
14/- प्रति शब्द अतिरिक्त
+ 5 प्रतिशत जीएसटी